बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, भा.प्र.से.
B.V.R.C. PURUSHOTTAM, IAS

सत्यमेव जयते

एफ.टी.एस. 819410 शिक्षा मंत्री
दिनांक/Dated 28/01/2021

निजी सचिव
शिक्षा मंत्री
भारत सरकार
PRIVATE SECRETARY TO
MINISTER OF EDUCATION
GOVERNMENT OF INDIA

28 JAN 2021

Respected Sir,

माननीय शिक्षा मंत्री, श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' जी को संबोधित आपका पत्रांक 31/2021 दिनांक 11 जनवरी, 2021 प्राप्त हुआ जो कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा (बिहार) के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्रदान किये जाने के संदर्भ में है।

आपके पत्र को नियमानुसार उचित कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया है।

सादर,

भवदीय,

(बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम)

**श्री नीतीश मिश्रा,**
पूर्व मंत्री,
सदस्य, बिहार विधान सभा,
112, कौटिल्य नगर,
पटना–800014

Room No. 1, 'C' Wing, 3rd Floor, Shastri Bhavan, New Delhi-110 115
Phone : 91-11-23782387, 23385055, Fax : 91-11-23382365
E-mail: pstohrm@gov.in

**नीतीश मिश्रा**
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

**सदस्य**
बिहार विधान सभा

Ref: 31/2021

Dt- 11-01-2021

आदरणीय मंत्री महोदय,

विषयः– **दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वरनगर, दरभंगा को नामांकन में मान्यता देने के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय के संबंध में कथन है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.), नई दिल्ली का F.No.1-15/2020(DEB-1) दिनांक 12.10.2020 एवं 07.12.2020 द्वारा निर्गत आम सूचना में दूरस्थ शिक्षा निदेशालय ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा का नाम अंकित नहीं हैं।

बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 (अद्यतन संशोधित) में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा का क्षेत्राधिकार चार जिला यथा दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगुसराय हैं। उक्त चारों जिला मिथिला क्षेत्र के अंतर्गत है। यह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हैं। शैक्षणिक दृष्टि से भी यह इलाका राज्य एवं देश के अन्य भागों की तुलना में पिछड़ा है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के दुरस्थ शिक्षा निदेशालय में मिथिला ही नहीं बल्कि बिहार और देश के अन्य भागो से वैसे व्यक्ति शिक्षा ग्रहण करते हैं, जो या तो सरकारी सेवक है या गृहणी।

अभी निदेशालय में नामांकित छात्रों की संख्या लगभग 80 हजार हैं। यह संस्थान बिहार सरकार के संकल्पानुसार जी.ई.आर. (Gross Enrolment Ration) के लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में अहम भूमिका निभायी है। निदेशालय को वर्ष 2007 से 2013 तक औपबंधिक मान्यता तथा वर्ष 2013 से जनवरी 2020 तक विषयवार मान्यता प्राप्त था। वर्तमान में यहाँ विज्ञान संकाय में स्नातकोत्तर, कला एवं वाणिज्य संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विभिन्न विषयों में छात्र नामांकित होते रहे हैं। विश्वविद्यालय एवं निदेशालय प्रशासन अपने स्तर से संस्थान को पूर्व की स्थिति में लाने के लिए प्रयासरत हैं। सत्र 2020 में कोविड–19 के हालात के कारण इसमें व्यवधान आना स्वाभाविक है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न परिपत्र के आलोक में दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को NAAC accreditation की शर्त में राहत एवं नामांकन की मान्यता विस्तार हेतु न्यायसंगत विचार करना चाहेंगे।

नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!

सादर,

भवदीय

Nitish Mishra
11.1.2021

(नीतीश मिश्रा)

(अनुलग्नकः–यथोक्त)

सेवा में,
श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' जी
माननीय मंत्री,
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
भारत सरकार।

112, कौटिल्य नगर,
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail